दैनिक भास्कर

10-Aug-2019
इंदौर सिटी भास्कर Page 3

सिटी एंकर

आईएमए के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ब्लॉक चेन तकनीक पर एक्सपर्ट ने कहा

लिनक्स की तरह ब्लॉक चेन तकनीक लाएगी इंडस्ट्री में बदलाव

सिटी रिपोर्टर | इंदौर

इंदौर मैनेजमेंट असोसिएशन ने ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेशन ऑर्गनाइज किया। सायबर इंफ्रास्ट्रक्चर के सीआईआई अमित अग्रवाल ने इस तकनीक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसा डाटाबेस है जिसे कभी भी बदला नहीं जा सकता। ये उस अकाउंटिंग बुक की तरह है जिसमें बिजनेस ट्रांजेक्शन लिखे जाते हैं। ये एक शेयर किए जा सकने लायक लेजर की तरह काम करता है। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसे मिटाया नहीं जा सकता, ये डीसेंट्रलाइज्ड और सिक्योर्ड टेक्नोलॉजी है। इसके फायदे ये हैं कि ये ट्रांसपरेंट है, इसकी ट्रेसेबिलिटी अच्छी है और कम कीमत के साथ ही इफिशिएंसी भी ज्यादा है।

इससे किसानों की आय दो गुना होगी

उन्होंने कहा कि सरकार की मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने कॉफी की खेती करने वाले किसानों के लिए ब्लॉक चेन पर आधारित एक ऑनलाइन मार्केट प्लेस बनाया है। इसके जरिए किसान सीधे खरीदारों से जुड़े हैं। इससे किसानों की आय दोगुना बढ़ने की संभावनाएं हैं। नीति आयोग ने भी फार्मास्यूटिकल सप्लाय चेन में नकली दवाईयों की पहचान के लिए ब्लॉक चेन आधारित एक सिस्टम तैयार किया है। अंत में उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि ब्लॉक चेन तकनीक और उसकी क्षमताओं के कारण सकारात्मक प्रभाव आए हैं।